# हडको की प्रमुख राजभाषा उपलब्धियाँ

## पुणे में 14-15 सितम्बर को आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में हडको को नराकास (प्रथम) राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हडको / अध्यक्ष नराकास दिल्ली उपक्रम-2, महोदय की अध्यक्षता में कार्यरत नराकास दिल्ली उपक्रम-2 द्वारा अपने 50 सदस्य कार्यालयों/पीएसयूज (PSUs) में हिंदी को आगे बढ़ाने की उपलब्धि के फल स्वरुप राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पुणे में 15 सितम्बर, 2023 को आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान श्री आरिफ मोहम्मद खान राज्यपाल केरल, श्री अजय मिश्रा माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्रीमती अंशुली आर्य, सचिव राजभाषा, भारत सरकार के कर कमलों से राष्ट्रीय स्तर के मंच से नराकास (प्रथम) राजभाषा पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया गया।




यह पुरस्कार एवं सम्मान हडको के निदेशक कॉरपोरेट प्लानिंग महोदय श्री एम नागराज एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), दिल्ली उपक्रम-2 के सदस्य सचिव श्री अशोक कुमार ने प्राप्त किया।

**क्षेत्रीय कार्यालय – कोलकाता**

**वर्ष 2022-2023 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु पुरुस्कार**

राजभाषा के प्रचार प्रसार में निरंतर प्रयासरत रहते हुए हडको क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता को वर्ष 2022-23 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति नराकास, कोलकाता द्वारा सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार दिनांक 25.08.2023 को होने वाली नराकास उपक्रम की अर्धवार्षिक समीक्षा बैठक में निम्न श्रेणी में दिया गया:

1. राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन हेतु पुरस्कार
2. पत्रिका/ई-पत्रिका पुरस्कार श्रेणी में पुरस्कार




श्री देवेश चक्रवर्ती, क्षेत्रीय प्रमुख (प्रभारी), श्री दीपांकर दत्ता, हिंदी नोडल अधिकारी और श्री स्वरूप दास, हिंदी नोडल सहायक ने पुरस्कार प्राप्त किया।

## क्षेत्रीय कार्यालय – अहमदाबाद
## वर्ष 2022-2023 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन क्षेत्र में प्रथम पुरुस्कार

अहमदाबाद क्षेत्रीय कार्यालय को वर्ष 2022-23 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए प्रथम पुरुस्कार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), अहमदाबाद की 81वीं बैठक में प्रदान किया गया। यह बैठक अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र (इसरो), अहमदाबाद कार्यालय में दिनांक 27 जुलाई,2023 को आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता डा. बनवारी लाल, उपाध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), अहमदाबाद एंव प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात, अहमदाबाद की गई। साथ ही बैठक में श्री संदीप जैन,मुख्य आयकर आयुक्त एंव राजभाषा अधिकारी, आयकर कार्यालय, श्री निलेश देसाई, निदेशक, इसरो (SAC) एंव श्री वी.के.जैन, नियंत्रक, इसरो (SAC) कार्यालय, डा.सुस्मिता भट्टाचार्य, उपनिदेशक (कार्यान्वयन), गृह मंत्रालय,राजभाषा विभाग, मुम्बई, श्री रामविलास राठौड़, सदस्य सचिव, नराकास एंव अन्य गणमान्य अतिथि भी मंच पर आसीन थे।



अहमदाबाद कार्यालय को प्रथम पुरुस्कार डा. बनवारी लाल, उपाध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), अहमदाबाद एंव प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात, के कर-कमलों से प्रदान किया गया।

## क्षेत्रीय कार्यालय – देहरादून
## वर्ष 2022-2023 हिन्दी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रथम पुरस्कार

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), राजभाषा विभाग, ओएनजीसी देहरादून की वर्ष 2023-24 की प्रथम छमाही बैठक दिनाँक 30.06.2023 को होटल एल.पी. विलास, देहरादून में आयोजित हुई। इस छःमाही बैठक में सदस्य सचिव, नराकास राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 हडको क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून को हिन्दी में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों हेतु "प्रथम पुरस्कार" (शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र) से सम्मानित किया गया जिसे क्षेत्रीय प्रमुख, श्री संजय भार्गव, संयुक्त महाप्रबंधक (वित्त)/ नोडल अधिकारी(रा.भा.), श्री अशोक कुमार लालवानी एवं प्रबंधक (आईटी) )/ नोडल सहायक(रा.भा.), श्री बलराम सिंह चौहान ने ग्रहण किया।




इस बैठक में श्रीमती आर.एस. नारायणी, अध्यक्षा, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) एवं श्री राम राज द्विवेदी, सदस्य सचिव नराकास, भारत सरकार, ओएनजीसी राजभाषा विभाग, श्री छबिल कुमार मेहेर, उप निदेशक(कार्यान्वयन) राजभाषा विभाग, भारत सरकार, गाजियाबाद, श्री अजय कुमार चौधरी, सहायक निदेशक, राजभाषा विभाग, भारत सरकार, गाजियाबाद एवं 72 सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

**क्षेत्रीय कार्यालय – हैदराबाद**
**वर्ष 2021-2022 के लिए प्राप्त राजभाषा ट्रॉफी**

दिनांक 28-10-2022 को भारत डायनामिक्स लिमिटेड, कंचनबाग, हैदराबाद में संपन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) की 56वीं अर्द्ध-वार्षिक बैठक में हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय, को वर्ष 2021-2022 के लिए संघ की राजभाषा हिन्दी के उतकृष्ट कार्यान्वयन एवं राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में सराहनीय प्रयास के लिए अति लघु कार्यालयों की श्रेणी में राजभाषा ट्रॉफी प्राप्त हुआ। कमोडोर सिद्धार्थ मिश्रा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बी डी एल एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) के अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में हडको से श्री पी वेंकटेश्वर रेड्डी, क्षेत्रीय प्रमुख, श्री उत्तम कुमार दास, हिन्दी नोडल अधिकारी एवं श्री सी रजनी कांत, हिन्दी नोडल सहायक, ने बैठक में भाग लिया एवं ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र प्राप्त किया।



नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद-सिकंदराबाद की 56वीं अर्द्ध-वार्षिक बैठक में कमोडोर सिद्धार्थ मिश्रा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बी डी एल के कर कमलों से राजभाषा शील्ड प्राप्त करते हुए श्री पी वेंकटेश्वर रेड्डी, क्षेत्रीय प्रमुख, श्री उत्तम कुमार दास, हिन्दी नोडल अधिकारी एवं श्री सी रजनी कांत, हिन्दी नोडल सहायक हडको, हैदराबाद क्षेत्रीय कार्यालय

## हडको को राजभाषा विभाग द्वारा मंच पर सम्मान

सूरत गुजरात में 14-15 सितम्बर 2022 को आयोजित हिंदी दिवस कार्यक्रम एवं द्वितीय आखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के मंच पर राजभाषा विभाग को विशेष सहयोग देने के लिए हडको को राजभाषा विभाग द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया |



हडको के निदेशक कारपोरेट प्लानिंग महोदय श्री एम नागराज जी

## क्षेत्रीय कार्यालय – भोपाल
## वर्ष 2021-2022 के लिए प्राप्त राजभाषा ट्रॉफी

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), भोपाल द्वारा 01 अप्रेल, 2021 से 30 सितम्बर, 2021 की छ:माही के दौरान राजभाषा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के फलस्वरूप हडको क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ।

नराकास (उपक्रम), भोपाल के अध्यक्ष श्री सत्यानंद राजहंस द्वारा दिनांक 18 फरवरी, 2022 को एन.एच.डी.सी. लिमिटेड, के साँची सभागृह, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित 45वीं बैठक में हडको क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल को राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया ।



# क्षेत्रीय कार्यालय – गुवाहाटी
# वर्ष 2020-2021 के लिए प्राप्त राजभाषा चल वैजयंती शील्ड

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) गुवाहाटी की **58वीं** बैठक में टॉलिक ने दिनांक 09/12/2021 को आयोजित बैठक में **रिफाइनरी राजभाषा शील्ड योजना** के अंतर्गत हडको क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी को **वर्ष 2020-21** के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में सर्वोत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु **प्रथम पुरस्कार** महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए हडको क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी को प्राप्त हुआ है ।







गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग के श्री बद्री यादव, उप निदेशक ( कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्वोत्तर क्षेत्र) और नराकास के अध्यक्ष श्री एस.पी.सिंह के करकमलों से राजभाषा चल वैजयंती शील्ड के साथ प्रशस्ति पत्र से हडको क्षेत्रीय कार्यालय–गुवाहाटी को सम्मानित किया गया ।



न रा का स

भारत सरकार
गृह मंत्रालय : राजभाषा विभाग
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), गुवाहाटी
TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE (PSUs), GUWAHATI
Ministry of Home Affairs : Deptt. of Official Language

प्रमाण पत्र

सहर्ष प्रमाणित किया जाता है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), गुवाहाटी द्वारा

"राजभाषा चल वैजयंती शील्ड योजना"

के अंतर्गत ..........हडको.......... को वर्ष 2020-21 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु ..........प्रथम.......... पुरस्कार प्रदान किया जाता है ।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई :

(एस. पी. सिंह)
अध्यक्ष
नराकास (उपक्रम) गुवाहाटी

दिनांक : 09 दिसंबर, 2021

कार्यालय : गुवाहाटी रिफाइनरी, नूनमाटी - 781 020
Office : Guwahati Refinery, Noonmati, Guwahati-781 020

राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है । - महात्मा गांधी




गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग के श्री बद्री यादव, उप निदेशक ( कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्वोत्तर क्षेत्र) और नराकास के अध्यक्ष श्री एस.पी.सिंह के करकमलों से राजभाषा चल वैजयंती शील्ड के साथ प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए श्री.के.एम चंदा, क्षेत्रीय प्रमुख–गुवाहाटी।

# क्षेत्रीय कार्यालय - तिरुवनंतपुरम
# वर्ष 2018-2019 एवं 2019-2020 के लिए प्राप्त राजभाषा शील्ड

## वर्ष 2018-19 के लिए प्राप्त राजभाषा शील्ड




वर्ष 2018-19 एवं 2019-20 के दौरान राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में स्थित केंद्र सरकार कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों की श्रेणी में राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए उपक्रमें की श्रृंखला में हडको क्षेत्रीय कार्यालय, तिरुवनन्तपुरम को प्रथम स्थान आने पर पुरस्कृत किया गया। राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ मीनाक्षी जौली की अध्यक्षता में शनिवार (04.12.2021) को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा डॉ होमी भाभा कन्वेंशन सेंटर ऑडिटोरियम, हैदराबाद में आयोजित संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के निदेशक एवं नराकास अध्यक्ष डॉ वी.एम तिवारी के करकमलों से राजभाषा शील्ड प्राप्त किया। इस दौरान इस उपलब्धि कि सराहनीय योगदान के लिए उस समय के हिन्दी नोडल अधिकारी श्रीमती एलियाम्मा टी, सहा. महाप्रबंधक (सचिवालयी) को प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। अप्रैल 2021 में श्रीमती एलियाम्मा टी सेवानिवृत्त होने के कारण यह प्रशस्ति पत्र उनके लिए श्रीमती तंकम्मा जोन, हिंदी नोडल अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ।




| | |
|---|---|
| सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के निदेशक एवं नराकास अध्यक्ष डॉ वी.एम तिवारी के करकमलों से क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा राजभाषा शील्ड प्राप्त करते हुए। | परमाणु ऊर्जा विभाग के विशिष्ट वैज्ञानिक व अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ दिनेश श्रीवास्तव के करकमलों से हिंदी नोडल अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए। |

# वर्ष 2019-20 के लिए प्राप्त राजभाषा शील्ड

वर्ष 2019-20 के दौरान राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दक्षिण एवं दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों में स्थित केंद्र सरकार कार्यालयों/बैंकों/ उपक्रमों की श्रेणी में राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए उपक्रमें की श्रृंखला में हडको क्षेत्रीय कार्यालय, तिरुवनन्तपुरम को प्रथम स्थान आने पर पुरस्कृत किया गया। राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ मीनाक्षी जौली की अध्यक्षता में शनिवार (04.12.2021) को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा डॉ होमी भाभा कन्वेंशन सेंटर ऑडिटोरियम, हैदराबाद में आयोजित संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर परमाणु ऊर्जा विभाग के विशिष्ट वैज्ञानिक व अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ दिनेश श्रीवास्तव के करकमलों से क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा राजभाषा शील्ड प्राप्त किया। इस दौरान हिन्दी नोडल अधिकारी को इस उपलब्धि कि सराहनीय योगदान के लिए सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के निदेशक एवं नराकास अध्यक्ष डॉ वी.एम तिवारी के करकमलों से प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ।





| | |
|---|---|
| सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के निदेशक एवं नराकास अध्यक्ष डॉ वी.एम तिवारी के करकमलों से हिंदी नोडल अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए। | परमाणु ऊर्जा विभाग के विशिष्ट वैज्ञानिक व अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ दिनेश श्रीवास्तव के करकमलों से क्षेत्रीय प्रमुख द्वारा राजभाषा शील्ड प्राप्त करते हुए। |

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), दिल्ली उपक्रम-2 को उत्कृष्ट प्रदर्शन और कार्यनिष्पादन हेतु क्षेत्रीय पुरस्कार

दिल्ली स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में हिन्दी को बढाने की दिशा में हडको को सौंपी गयी जिम्मेदारी के अंतर्गत, हडको की अध्यक्षता में कार्यरत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), दिल्ली उपक्रम-2 को उत्कृष्ट प्रदर्शन और कार्यनिष्पादन हेतु [मुख्य अतिथि: श्री नित्यानंद राय, माननीय केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री, कार्यक्रम अध्यक्ष: श्री अजय कुमार मिश्रा, माननीय केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री, सचिव एवं संयुक्त सचिव (राजभाषा), गृह मंत्रालय, भारत सरकार के कर-कमलों से] श्री एम. नागराज, निदेशक, कारपोरेट प्लानिंग तथा श्री अशोक कुमार, सदस्य सचिव को क्षेत्रीय स्तर पर ''क'' क्षेत्र हेतु वर्ष 2019-20 के लिए ''नराकास क्षेत्रीय तृतीय पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 27 नवम्बर, 2021 को कानपुर में आयोजित किया गया।



## क्षेत्रीय कार्यालय - हैदराबाद
## वर्ष 2019-2020 एवं 2020-2021 के लिए प्राप्त राजभाषा शील्ड

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद- सिकंदराबाद की 54वीं अर्धवार्षिक बैठक में कमोडोर सिद्धार्थ मिश्रा, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, बी डी एल एवं श्री सुमित देब, सी एम डी, एनएमडीसी लिमिटेड हैदराबाद के कर कमलों से राजभाषा शील्ड प्राप्त की।



## वर्ष 2020 – 2021 राजभाषा क्षेत्र में उतकृष्ट प्रदर्शन हेतु कीर्ति पुरुस्कार

दिनांक 14 सितम्बर 2021 - विज्ञान भवन में आयोजित हिंदी दिवस समारोह में हडको को राजभाषा क्षेत्र में उतकृष्ट प्रदर्शन हेतु 2020-21 के लिए द्वितीय राजभाषा कीर्ति पुरुस्कार (नराकास श्रेणी) प्राप्त हुआ । यह पुरुस्कार राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार दवारा केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी की उपस्थिति मे श्री कामरान रिज़वी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, हडको ने ग्रहण किया।



# क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून
## वर्ष 2020 – 2021 राजभाषा हिंदी में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए प्रथम पुरुस्कार

गृह मंत्रालय, भारत सरकार, राजभाषा विभाग के अंतर्गत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति -नराकास) 2) द्वारा हडको क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून को वर्ष 2020 – 21 के लिए राजभाषा हिंदी में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए प्रथम पुरुस्कार प्रदान किया गया



